सिटी ब्लास्ट

शुभ दीपावली

इंदौर, रविवार 8 नवंबर 2026 | वर्ष–22 • अंक–145 | निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता... | मूल्य 2 रुपए • पृष्ठ 12 | epaper.cityblast.in

आडवाणी का आज जन्मदिन

100वें वर्ष में किया प्रवेश

नई दिल्ली। पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी आज 99 साल पूर्ण कर चुके हैं और वे 100वें वर्ष में प्रवेश कर गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें आज 100वें वर्ष के प्रवेश जन्मदिन पर बधाई दी और आडवाणी को प्रेरणादायी व्यक्तित्व बताया।

आज महापर्व दीपावली, देशभर में होगी आतिशबाजी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज हिन्दू समाज का सबसे बड़ा पर्व दीपावली मनाया जा रहा है। आज दुल्हन के रूप में इंदौर सजा है। देश और प्रदेश के साथ इंदौर में भी आज लक्ष्मी माता का पूजन अलग-अलग मुहूर्त में किया जा रहा है। आज सुबह से उद्योग, कार्यालय, स्कूल, कॉलेज में पूजन शुरू हुए, जो दोपहर तक के मुहूर्त में होंगे उसके बाद शाम से घरों में भी दीपावली के पूजन होंगे। लक्ष्मीमाता घरों में आए इसके प्रयास पूजन, सजावट, रोशनी के माध्यम से किए जा रहे हैं। शाम को लाखों दीपक जलेंगे, आतिशबाजी भी होगी। इंदौर दुल्हन की तरह सजा हुआ है। रात को रोशनी देखने लोग निकलेंगे, इधर पटाखे भी फूटेंगे और उसका धुआं भी नजर आएगा। कल धोक पड़वा और गोवर्धन पूजा के आयोजन होंगे। भाईदूज में तिथि की गड़बड़ से एक दिन का गेप बताया जा रहा है। कुल मिलाकर आज महापर्व दीपावली है, जिसे पूरा हिन्दू समाज मना रहा है।

जापान में भूकम्प

जापान। आज सुबह जापान के आइची और शिजुओका, क्योटो और नारा, माउंट फूजी वाले यामानाशी और गिफू में भूकंप के झटके मेहसूस किए। 5.7 तीव्रता वाले इस भूकंप के झटकों से कई दुकान-मकान के शीशे भी टूटे। लोग घबरा कर बाहर भागने लगे।

कल अवकाश

दीप पर्व दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर कल **सिटी ब्लास्ट** कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 10 नवंबर मंगलवार को प्रकाशित होगा। सभी स्नेहीजनों, विज्ञापनदाताओं को दीप पर्व की हार्दिक बधाई।

— प्र.सं.













सफाई कर्मचारियों का कितना खून चूसेगी सरकार-कांग्रेस

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अमित चौरसिया ने कहा कि सरकार ने सफाई कर्मचारियों को शोषण, महंगाई और आर्थिक बदहाली के हवाले कर दिया है।आखिर सफाई कर्मचारियों का कितना खून सरकार चूसेगी। कर्मचारी दिन-रात गंदगी में उतरकर आपके शहरों को स्वच्छ रखते हैं, उनके घरों में चूल्हा जलाने लायक वेतन और सम्मानजनक जीवन की गारंटी तक आपकी सरकार नहीं दे पा रही है। भाजपा सरकार स्वच्छता सर्वेक्षण में रैंकिंग और पुरस्कारों का ढिंढोरा पीटती है, लेकिन जिन हाथों की मेहनत से ये पुरस्कार मिलते हैं, उन्हीं हाथों को समय पर वेतन नहीं मिलता। ठेकेदारों की मनमानी, पीएफ-ईएसआई में अनियमितताओं, महीनों से लंबित वेतन और आउटसोर्सिंग के शोषण पर सरकार मौन क्यों है? भाजपा न्यूनतम मजदूरी में वृद्धि का ढिंढोरा पीट रही है, लेकिन यह नहीं बता रही कि 2019 से 2026 के बीच आवश्यक वस्तुओं, रसोई गैस, डीजल-पेट्रोल और दैनिक उपभोग की चीजों में महंगाई दर किस अनुपात में बढ़ी है। भाजपा का विकास मॉडल भी गजब है- सफाई कर्मचारी कचरा साफ करें, ठेकेदार मलाई खाएं और सरकार अपनी पीठ थपथपाए! कई नगर पालिकाओं और नगर परिषदों में सफाई कर्मचारियों को 3 से 6 महीने तक का वेतन बकाया रहता है। कागजी मजदूरी बढ़ाने से पहले समय पर भुगतान की गारंटी दी जानी चाहिए। पूर्व की घोषणाओं का लाभ सफाई कर्मियों को आज तक नहीं मिला है और तो और सफाई कर्मचारियों को ठेकेदारी और अस्थायी रोजगार से मुक्ति नहीं मिली।



























महालक्ष्मी माता मंदिरों में सुबह से आस्था की दरकार

जयकारों के साथ हुई आरती

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आज सबसे बड़ा महापर्व दीपावली त्योहार मनाया जा रहा है। आज इंदौर के सभी महालक्ष्मी मंदिरों में अलसुबह से महालक्ष्मीजी की एक झलक और दरकार के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ है। राजवाड़ा लक्ष्मी मंदिर, गोवर्धननाथ मंदिर के सामने यशवंतगंज लक्ष्मी मंदिर, उषा नगर लक्ष्मी मंदिर, हरसिद्धि माता लक्ष्मी मंदिर, सिलावटपुरा लक्ष्मी मंदिर, खजराना गणेश मंदिर स्थित लक्ष्मी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में आज सुबह से भीड़ है। सभी मंदिरों में सुबह की आरती में भी जबर्दस्त श्रद्धा उपस्थिति के रूप में नजर आई। हर कोई आज महालक्ष्मीजी से मंगल कामना की आराधना कर रहा है। माँ की झलक के लिए अलसुबह से सभी लक्ष्मी माता मंदिर में भीड़ है। केवल माँ की एक झलक और गुहार के लिए भी श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। गोवर्धननाथ मंदिर के सामने स्थित लक्ष्मी मंदिर में आज सुबह आरती में भी जबर्दस्त श्रद्धालाओं का उत्साह दिखा। उषा नगर महालक्ष्मी मंदिर में महाआरती करने विधायक मालिनी गौड़ भी पहुंची। बड़ी संख्या में यहां श्रद्धालु मौजूद रहे।

उकेरी जा रही है रंगोली

आज जगह-जगह रंगोली बनाई जा रही है। वैसे तो रंगोली धनतेरस से ही घर, दुकान, कार्यालय सहित अन्य जगह उकेरी जा रही है, लेकिन आज हर जगह बड़ी रंगोली उंकेरी जा रही है। खासतौर से महिलाएं, युवतियां और बालिकाएं अलग-अलग कलर के माध्यम से बडी रंगोली बना रही है और कई जगह पुरुष भी मदद कर रहे है।

उद्योगों में पूजन, घर और दुकान पर शाम को आराधना

आज सुबह से मुहूर्त में पूजन उद्योगों में शुरू हुए, मशीनों की पूजा की गई, महालक्ष्मीजी की आरती की गई और उसके बाद उद्योगों में सहयोगियों का तिलक निकालकर उन्हें दीपावली का तोहफा भी दिया गया। यही स्थिति आज अलग-अलग मुहूर्त में कॉलेज, स्कूल अन्य संस्थान में भी रहेगी। वहीं घरों और दुकानों में पूजन शाम के मुहूर्त में होंगे।

ठेकेदार अपने सहयोगियों को कर रहे हैं पुरस्कृत

आज दीपावली महापर्व पर पुरस्कृत करने का एक पुराना सिस्टम है। आज अधीनस्थ लोगों को पुरस्कृत किया जा रहा है उन्हें गिफ्ट में सामग्री दी जा रही है या लिफाफा दिया जा रहा है और सम्मानित भी किया जा रहा है।

कल से मिलने का दौर, भाईदूज भी दो दिन

आज दीपावली का महापर्व है। इस बार दीपावली का पर्व 6 दिवसीय मनाया जा रहा है। अब कल से दीपावली मिलन का आयोजन शुरू होगा। निकट के रिश्तेदार, नातेदार और दोस्तों के यहां भी पहुंचने का दौर शुरू होगा। वहीं मंदिरों में अन्नकूट भी शुरू होंगे, जो बाद तक जारी रहेंगे। भाईदूज के पर्व भी घरों में शुरू होंगे। बहन अपने भाइयों को भोजन कराएंगी और तिलक भी करेंगी और भाई अपनी बहनों से सुरक्षा का वादा भी करेंगे। क़ल सुबह गोवर्धन पूजा भी होगी। गाय, बछड़ा, भैंस को स्नान कराकर श्रृंगारित किया जाएगा। तिथि की घट-बढ़ के चलते इस बार दीपावली पर्व 6 दिवसीय मनाया जा रहा है।

पार्लर पर भीड़

दीपावली के पहले से लोग पार्लर पर पहुंच रहे हैं, महिला और पुरुष की पार्लर पर आज सुबह से भीड़ है। हर कोई अपने आपको दीपावली के महापर्व के लिए संवारना चाहता है। जिन लोगों को समय नहीं मिला वे आज कटिंग करवा रहे हैं और महिलाएं पार्लर पहुंचकर अपना मेकअप भी करवा रही है।

पटाखों की दुकानों पर देर रात तक रही भीड़

पटाखा फोडने वाले शौकीनों की कमी नहीं है। वैसे एक सप्ताह से पटाखा खरीदी का काम चल रहा है। विगत तीन दिनों से पटाखा दुकानों पर भीड दिखाई दे रही है। कल रात भी पटाखा दुकानों पर भीड थी। कई पटाखा दुकानों पर अलग-अलग वैरायटी के पटाखों की कमी भी दिखाई दे रही है, जो माल कम हो गया उसके दाम भी बढ़े हुए दिखाई दे रहे है।

इंदौर में आज करोड़ों के पटाखे में लगेगी आग

इंदौर में वैसे तो दो दिनों से पटाखे फूट रहे हैं, लेकिन आज महापटाखा दिन है। दीपावली की शाम से ही देर रात और कल अलसुबह तक पटाखा फूटेंगे। जानकारों का कहना है कि आज अकेले इंदौर में ही करोड़ों के पटाखे फूटेंगे और पटाखों के माध्यम से दीपावली का जश्न मनेगा।

आग लगने की आशंका के चलते फायर ब्रिगेड अलर्ट

आज दीपावली पर पटाखे छोड़ने की परम्परा है और इसी कारण कई जगह आगजनी की घटना भी होती है। आज फायर बिग्रेड पूरी तरह अलर्ट है, सभी कर्मचारियों की छुट्टी निरस्त क़र दी गई है, दमकल वाहन भी अलर्ट मोड पर है।

सरकारी अस्पताल में भी तैयारी

पटाखों से घायल होकर अगर कोई पहुंचता है तो उसके लिए एमवाय, जिला अस्पताल सहित अन्य जगह पूरी तैयारी की गई है। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविन्द घनघोरिया ने कहा कि पटाखा से कोई नुकसान आगजनी होती है तो तत्काल पानी से धोए और उस पर बर्फ का प्रयोग करे। घनघोरिया ने यह भी कहा कि दूध, ज्यूस नहीं लगाए। एमजीएम मेडिकल कॉलेज से संबंधित सभी सरकारी अस्पतालों को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है।

जगह-जगह फूल और गन्ना की दुकान




इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आज दीपावली का पर्व मनाया जा रहा है, जगह-जगह गेंदे के फूल और मालाओं के अलावा हरे पत्तों के वंदनवार की दुकान लगी हुई है। गन्ना, धानी, पूजन-पाना, पूजन सामग्री की भी दुकान जगह-जगह दिखाई दे रही है।

कांग्रेस में अब जिला समन्वय समिति की जगह पोलिटिकल अफेयर कमेटी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर सभी शहर और जिला स्तर पर जिला समन्वय समिति के स्थान पर पोलिटिकल अफेयर कमेटी पीएसी गठन के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रभारी इसके अध्यक्ष होंगे, अध्यक्ष, संगठन महासचिव, पूर्व अध्यक्ष, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व विधायक प्रत्याशी, जिले से प्रदेश पदाधिकारी, महापौर, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम, जिला पंचायत अध्यक्ष, विधानसभा प्रभारी, जिले से अन्य विधानसभाओं में नियुक्त विधानसभा प्रभारी, मोर्चा संगठन के अध्यक्ष, विभागों के अध्यक्ष, मीडिया और सोशल मीडिया के अध्यक्ष इसके सदस्य होंगे। वहीं शहर और जिला अध्यक्ष अपनी पसंद के दो व्यक्तियों को चयनित कर इनके नाम समावेश करेंगे उसके लिए प्रदेश कांग्रेस की स्वीकृति लेना होगी। उक्त जानकारी प्रदेश संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कामले ने दी।



जिम्मेदारी के बाद खरे का भाजपाइयों ने किया सम्मान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। डॉ. निशांत खरे के पास पहले से प्रदेश भाजपा की जिम्मेदारी थी, अब उन्हें भाजपा प्रदेश कार्यालय का प्रभारी बनाया तो उनका सम्मान भाजपाई महेश बसवाल, गोपाल सिंगार, अतुल राजपूत, दुर्गेश मिंजवा, दिनेश रोकड़े,नितिन मालवीय, रवि लोनखेड़े सहित अन्य ने किया।

कांग्रेस कार्यालय में दोपहर में लक्ष्मी पूजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। शहर कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में आज दोपहर 1.30 बजे से लक्ष्मीजी का पूजन किया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष चिन्टू चौकसे और संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल ने बताया कि विधि-विधान से माता का पूजन होगा कांग्रेसी मौजूद रहेंगे।

भाजपा कार्यालय में भी दोपहर पूजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा कार्यालय में नगर भाजपा द्वारा आज दोपहर 12.30 बजे से मुहूर्त में लक्ष्मी पूजन का आयोजन किया जाएगा। पूजन आयोजन की जानकारी आमंत्रितों को दे दी गई है। पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और वरिष्ठों की मौजूदगी भी रहेगी।

कपड़ा व्यापारियों को विजयवर्गीय ने समझाया 'श्री' का मतलब



इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। शहर के होलसेल कपड़ा बाजार में कपड़ा मार्केट मित्र मंडल द्वारा दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया। आयोजन में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय मौजूद रहे। उन्होंने कपड़ा व्यापारियों को लक्ष्मी पुत्र कहते हुए संबोधित किया। इसके बाद उन्होंने 'श्री' का मतलब भी समझाया। उन्होंने कहा श्री यानि कीर्ति,यश और इज्जत अगर होगी तो लक्ष्मी माँ की कृपा आप पर सदैव रहेगी। विजयवर्गीय ने गत वर्ष इस आयोजन में सभी से धोती और कुर्ता पहनने के लिए कहा था, जिसके बाद कल कई व्यापारी धोती-कुर्ता पहने नजर आए। उक्त जानकारी कैलाश मूंगड़ ने दी।

भाजपा नगर अध्यक्ष ने की खरीदी



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा अपनी धर्मपत्नी के साथ स्वदेशी खरीददारी को महत्व देने बाजार में निकले और फुटपाथ विक्रेताओं को रोजगार और कारीगरों को उनके उत्पाद का लाभ मिले इसलिए लोकल उत्पाद सामान खरीदा गया। मिट्टी की दीये खरीदे। मिश्रा दम्पति ने स्थानीय कुम्हारों एवं शिल्पकारों के परिश्रम और हुनर को प्रोत्साहित किया।

खड़ी लक्ष्मीजी और बैठी लक्ष्मीजी की प्रतिमा की पूजा के फेर में उलझा निगम

निगम की वित्तीय स्थिति बिगड़ने के बाद पिछले साल दोनों लक्ष्मी जी को पूजा में बैठाया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

पहले होती थी सिंहासन पर बैठी हुई लक्ष्मीजी की पूजा

फिर परंपरा में परिवर्तन कर खड़ी हुई लक्ष्मीजी की शुरू की पूजा

इंदौर नगर निगम खड़ी हुई लक्ष्मी जी और बैठी हुई लक्ष्मी जी की पूजा के फेर में उलझा हुआ है। निगम में पहले सिंहासन पर बैठी हुई लक्ष्मी जी की पूजा होती थी। फिर इस परंपरा में परिवर्तन कर खड़ी हुई लक्ष्मी जी की पूजा शुरू की गई। उसके बाद जब निगम की वित्तीय स्थिति बिगड़ गई तो पिछले साल पूजा में दोनों लक्ष्मी जी को बैठा दिया था।

इंदौर नगर निगम खजाने में आज दोपहर 1:30 बजे लक्ष्मी पूजन होगा। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल व अपर आयुक्त लेखा विभाग देवधर दरवाई द्वारा लक्ष्मी पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद एमआईसी सदस्य, निगम अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहेंगे। लक्ष्मी पूजन के बाद निगम कर्मचारियों के द्वारा निगम के मुख्यालय में आतिशबाजी की जाएगी। इसके साथ ही मिठाई का वितरण कर सभी का मुंह मीठा कराया जाएगा।

दीपावली पर नगर निगम के खजाने लेखा विभाग में इस बार भी बैठी हुई लक्ष्मी की पूजा की जाएगी। कुछ साल पहले तक निगम में खड़ी लक्ष्मी की पूजा करने की परंपरा थी, लेकिन लेखा विभाग के अपर आयुक्त देवघर दरवई ने इस परंपरा में बदलाव करते हुए बैठी लक्ष्मी की पूजा शुरू करवाई। दिलचस्प बात यह है कि इस बदलाव के बाद से निगम की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार देखने को मिला है। कभी कर्मचारियों को वेतन देने के लिए भी निगम को मशक्कत करनी पड़ती थी, वहीं अब कर्मचारियों को समय पर वेतन मिल रहा है और ठेकेदारों को भी भुगतान किया जा रहा है। दरअसल, नगर निगम में लक्ष्मी पूजन की परंपरा का अपना अलग इतिहास रहा है। जब लेखा विभाग में अपर आयुक्त के पद पर वीरभद्र शर्मा पदस्थ थे, तब निगम लेखा विभाग में खड़ी लक्ष्मी की तस्वीर रखकर पूजा की जाती थी। मान्यता है कि खड़ी लक्ष्मी की पूजा उन संस्थानों में की जाती है, जहां धन का नियमित लेन-देन होता है, जबकि बैठी लक्ष्मी को स्थिरता और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। निगम में बैठी लक्ष्मी की पूजा की पुरानी परंपरा को बदलकर खड़ी लक्ष्मी की पूजा शुरू कर दी गई थी। तत्कालीन एमआईसी के कुछ सदस्यों ने भी इस बदलाव पर आपत्ति जताई थी, लेकिन परंपरा जारी रही। अपर आयुक्त वीरभद्र शर्मा के कार्यकाल के बाद जब देवघर दरवई ने लेखा विभाग की जिम्मेदारी संभाली तो उन्होंने पहले वर्ष खड़ी और बैठी, दोनों स्वरूपों की लक्ष्मी की प्रतिमाएं रखकर पूजन करवाया। इसके अगले वर्ष से केवल बैठी लक्ष्मी की पूजा की परंपरा शुरू कर दी गई, जो आज भी जारी है।

अब समय पर मिल रहा वेतन, ठेकेदारों को भी भुगतान

नगर निगम की आर्थिक स्थिति की बात करें तो पहले कर्मचारियों के वेतन भुगतान में भी परेशानी आती थी। ठेकेदारों का भुगतान लंबे समय तक अटका रहता था। इसके विपरीत अब कर्मचारियों को हर महीने निर्धारित समय पर वेतन मिल रहा है। ठेकेदारों को भी पार्ट पेमेंट किया जा रहा है। इतना ही नहीं, बिजली बिल और विभिन्न ऋणों की किस्तों का भुगतान भी समय पर किया जा रहा है। बहरहाल, बैठी लक्ष्मी की पूजा की परंपरा और निगम की सुधरती आर्थिक स्थिति को लेकर विभाग में रोचक चर्चाएं जरूर हैं। हालांकि आर्थिक सुधार के पीछे प्रशासनिक और वित्तीय प्रबंधन की भूमिका भी अहम है। दीपावली पर होने वाला यह लक्ष्मी पूजन अब नगर निगम के लेखा विभाग की एक खास पहचान बन गया है।

मर्सिडीज़-ऑडी की 19 कारें धनतेरस को इंदौर में बिकी

एक करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत वाली कारों की इंदौर में डिमांड

इंदौर। धन की देवी पूजा के मौके पर इंदौर में मर्सिडीज़ आडी की 19 कार बिकी है। एक करोड रुपए से ज्यादा कीमत वाली कारों की इंदौर में डिमांड पैदा हो गई है। अब नागरिक अपनी विलासिता का प्रदर्शन करने के लिए मोटे तौर पर 1.5 करोड रुपए कीमत वाली क़ार खरीद रहे हैं।

रिहायशी का शौक इंदौर के लोगों को बहुत पहले से रहा है। अब समय बदलने के साथ-साथ कार बदल गई है। इस साल धनतेरस पर नागरिकों द्वारा बड़ी संख्या में नई गाड़ी खरीदी, यह एक ऐसा दिन होता है जिससे नई गाड़ी खरीदना और उसकी पूजा करना अच्छा माना जाता है। यही कारण है कि इंदौर में बड़ी संख्या में लोगों द्वारा दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहन खरीदे गए। इसमें इस साल जो सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि इंदौर में 19 मर्सिडीज़-ऑडी कार बिकी है।

मर्सिडीज़ इलेक्ट्रिक कार की डिमांड तो पहले से ही बनी हुई है। इसकी इलेक्ट्रिक क़ार की बुकिंग अप्रैल महीने में ही पूरी हो चुकी है अब तो लोगों द्वारा अन्य कार को भी अपने फोकस में ले लिया गया है। इस बार सबसे महंगी कार के रूप में जीएलएस कार बिकी है जिसकी कीमत 1.70 करोड रुपए है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में 1 करोड से लेकर 1.5 करोड रुपए तक कीमत वाली कार भी इंदौर के लोगों द्वारा खरीदी गई है। अब खुद के रईस होने के प्रदर्शन के रूप में 1 करोड रुपए से ज्यादा कीमत वाली कार को खरीदना और उस पर घूमना एक फैशन बनने लगा है। अपने धन के प्रदर्शन में प्रदेश में इंदौर के लोग ही सबसे आगे होते हैं। यही कारण है कि इंदौर में इस तरह की महंगी कारों की सबसे ज्यादा डिमांड रहती है। इंदौर के बाद भोपाल और ग्वालियर में भी इन कारों की डिमांड बढ़ गई है। इस तरह की महंगी कारों की बिक्री होने से परिवहन विभाग को भी टैक्स के रूप में मोटी राशि प्राप्त होती है। इसके साथ ही इंदौर नगर निगम को भी इन गाड़ियों की पार्किंग शुल्क के रूप में अच्छी राशि मिलती है।



सांसद ने दिए बटुकों को उपहार

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बिजासन रोड स्थित श्री श्रीविद्याधाम परिसर में संचालित वेद वेदांग विद्यापीठ के 200 से अधिक वेदपाठी बटुकों को सांसद शंकर लालवानी के मुख्य आतिथ्य में संस्था पदाधिकारियों ने दीपावली के उपहार भेंट किए। लालवानी ने बटुकों के साथ आतिशबाजी भी की और साथ में नसीहत भी दे दी कि आतिशबाजी करते समय पूरी सावधानी बरतें तथा वायुमंडल में फैलने वाले प्रदूषण की रोकथाम के लिए सांकेतिक रूप से ही आतिशबाजी का प्रयोग करें।

इसी मॉडल पर फिर टिकी नंबर वन की उम्मीद

घर-घर से कचरा उठाना ही नहीं, छह श्रेणियों में बांटना इंदौर की सबसे बड़ी ताकत

100% डोर-टू-डोर कलेक्शन, स्त्रोत पर सेग्रीगेशन और कचरे की वैज्ञानिक प्रोसेसिंग ने बनाया देश में अलग मॉडल, देपालपुर को स्वच्छ बनाने की जिम्मेदारी निभाकर भी पेश की मिसाल

इंदौर। स्वच्छता के मामले में लगातार आठ बार देश में शीर्ष स्थान हासिल कर चुका इंदौर एक बार फिर अपनी बादशाहत कायम रखने की तैयारी में है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के परिणाम 11 नवंबर को दिल्ली के विज्ञान भवन में घोषित होंगे। इसके लिए इंदौर को आमंत्रण मिला है। इस बार भी शहर की सबसे बड़ी ताकत उसका डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन और घरों से निकलने वाले कचरे का छह श्रेणियों में पृथक्करण है। इंदौर की स्वच्छता व्यवस्था की खासियत यह है कि यहां सफाई केवल सड़कों तक सीमित नहीं, बल्कि कचरे के घर से निकलने से लेकर उसके वैज्ञानिक निस्तारण तक पूरी व्यवस्था विकसित की गई है।

क्यों खास है इंदौर का मॉडल

हर घर तक कचरा गाड़ी : शहर के 85 वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था है। घरों और दुकानों से नियमित कचरा उठाने के लिए निर्धारित रूट पर वाहन चलते हैं। इससे सड़कों पर कचरा फेंकने और खुले में जमा होने की समस्या कम हुई है।

छह तरह का सेग्रीगेशनः गीला, सूखा, प्लास्टिक, सैनिटरी, घरेलू हानिकारक और ई-वेस्ट अलग-अलग श्रेणियों में बांटने की व्यवस्था है। नगर निगम की आधिकारिक वेबसाइट भी छह श्रेणियों में स्त्रोत पर कचरा पृथक्करण और व्यापक डोर-टू-डोर कलेक्शन को इंदौर मॉडल की आधारशिला बताती है।

कचरे से तैयार हो रहे संसाधनः गीले कचरे से खाद और बायो-सीएनजी बनाई जाती है, जबकि सूखे कचरे को मटेरियल रिकवरी सेंटर में छांटकर रीसाइक्लिंग के लिए भेजा जाता है। यानी कचरे को सिर्फ उठाया नहीं जाता, उसका उपयोग भी किया जाता है।

इंदौर में रोजाना लगभग 700 टन गीला और 1200 टन सूखा कचरा निकलता है। रिपोर्ट में डोर-टू-डोर कलेक्शन 100 प्रतिशत और स्त्रोत पर सेग्रीगेशन 98 प्रतिशत बताया गया था।

देपालपुर को भी बनाया स्वच्छः स्वच्छ शहर जोड़ी अभियान के तहत इंदौर को देपालपुर का मेंटर बनाया गया। केंद्रीय मंत्रालय के अनुसार वहां चार श्रेणियों में कचरा संग्रहण और पृथक्करण की व्यवस्था लागू हुई तथा पांच साल से जमा 1250 टन पुराने कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण किया गया।

अब परीक्षा सिर्फ इंदौर की नहीं, मॉडल की भी- इस बार इंदौर की उपलब्धि का आकलन केवल अपनी सफाई व्यवस्था के आधार पर नहीं होगा, बल्कि देपालपुर में किए गए काम भी स्वच्छ शहर जोड़ी अभियान के तहत महत्वपूर्ण हैं। इंदौर ने यह दिखाने की कोशिश की है कि स्वच्छता का मॉडल दूसरे शहरों में भी लागू किया जा सकता है। 11 नवंबर को आने वाले परिणाम बताएंगे कि घर-घर कचरा कलेक्शन, सेग्रीगेशन और वैज्ञानिक निस्तारण की यह व्यवस्था सर्वेक्षण में कितनी प्रभावी साबित हुई।

वृद्धा आश्रम पर अंताक्षरी आयोजन



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। एमआईसी सदस्य राजेन्द्र राठौर ने बताया कि परदेशीपुरा स्थित आस्था वृद्धा आश्रम पर बुजुर्गों, केन्द्र की बालिकाओं के लिए अंताक्षरी का आयोजन किया गया, जिसमें फिल्मी गीतों के अलावा भजन की प्रस्तुति भी कराई गई। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला सहित अन्य मौजूद थे।

कलेक्टर ने मनाई आश्रम में दीपावली



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर के प्रशासनिक कप्तान कलेक्टर शिवम वर्मा ने बाल संरक्षण आश्रम पहुंचकर बच्चों के साथ दीपावली मनाई। बच्चों को उपहार, नए वस्त्र और मिठाई भी वितरित की। कलेक्टर ने बच्चों के साथ संवाद भी किया। कोई दिक्कत तो नहीं है यह भी उनसे जाना। इस आयोजन में बच्चों के चेहरों पर खुशी अलग ही दिखाई दे रही थी। आतिशबाजी भी कलेक्टर की मौजूदगी में बच्चों के हाथों से कराई गई। अधिकारी हिमांशु प्रजापति, रिंकेश वैश्य भी मौजूद रहे।



















झुग्गीवासी बच्चों के बीच पहुंचा एलुमनी ग्रुप



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। गुजराती आर्ट्स एण्ड लॉ कॉलेज एलुमनी के 50 सदस्य सुपर कॉरिडोर स्थित भंवरासला कांकड़ की झुग्गी बस्ती में 72 बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें पटाखे, मिठाइयां, फल, कपड़े, रंगीन चश्मे, नमकीन आदि प्रदान किए। प्रवीण नागदिवे, पिंकी यादव, मनीषा नागदिवे, स्वाति मोहिते, ऋचा गुप्ता, उन्नति जैन, मीना गुप्ता,अनुश्री मीणा, शीला कैथवास, कैलाश पंजाबी, कमल वर्मा, अर्चना रजक,प्रमोद द्विवेदी, रानू मलोरिया,पिंकी यादव,सुनील धावने, जितेंद्र गुप्ता, छोटू सोनी, सुनील गुप्ता, जीतू खरे,गोपाल बोरासी सहित अन्य मौजूद थे।

हाई-वे क्षेत्र के अग्रबंधु कल करेंगे गोपूजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अग्रवाल समाज हाईवे क्षेत्र पालदा की 26 कालोनियों से जुड़े 500 से अधिक परिवारों के समाज बंधु 9 नवम्बर को गोवर्धन पूजा के दौरान घर-घर से व्यंजन बनाकर लाएंगे और तिरुपति बालाजी से बुलवाई गई पुंगनूर नस्ल की गौमाता का पूजन वरुण विक्ट्री परिसर में करेंगे। उक्त जानकारी अरविन्द बागडी ने दी।



फतेहपुरिया समाजजनों ने दिए उपहार

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। फतेहपुरिया समाज के पदाधिकारियों एवं समाज बंधुओं ने फतेहपुरिया भवन मल्हारगंज पर 300 से अधिक लोगों को मिठाई, नमकीन भेंट की।

लक्ष्मीनारायण प्रसन्नार्थ महायज्ञ में आज रात विशेष आहुतियाँ

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विद्याधाम मंदिर बिजासन रोड पर लक्ष्मीनारायण प्रसन्नार्थ महायज्ञ में आज कार्तिक अमावस्या पर रात्रि 10 बजे से प्रातःकाल 4 बजे तक माँ को प्रिय व्यंजनों मालपुए, खीरान, हलवा की विशेष आहुतियाँ समर्पित की जाएंगी।

कल निर्वाण लाडू चढ़ेंगे

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कल सोमवार को वर्तमान शासन नायक 1008 श्री महावीर स्वामीजी के 2553 वें निर्वाण दिवस के अवसर पर श्री दिगम्बर जैन लश्करी मन्दिर गोराकुंड इंदौर पर प्रातः 9.30 बजे निर्वाण लाडू चढ़ाया जायेगा। उक्त जानकारी वीरेन्द्र बड़जात्या ने दी।



अग्रवाल मैत्री संघ ने किया वितरण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री अग्रवाल मैत्री संघ विजय नगर के अग्रवाल समाजजनों ने अलग-अलग स्थानों पर जरूरतमंद बच्चों को वस्त्र, मिठाई और पटाखों का वितरण किया।

वेलफेयर ग्रुप ने बांटी खुशियां

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सहयोग सोशल वेलफेयर ग्रुप द्वारा रोबोट चौराहा स्थित बस्ती में बच्चों के साथ दीपावली की खुशियाँ बाँटी गईं। बच्चों को फल, मिठाइयाँ, स्नैक्स, दीपक एवं पटाखों का वितरण किया गया।





सोसायटी ने किया आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। उमाप्रकाश एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा दीपावली पर्व पर शिवाजी नगर बस्ती के बच्चों के साथ मिलकर त्योहार की खुशियां बांटीं। सामग्री का वितरण भी किया गया। स्वाति पालीवाल ने उक्त जानकारी दी।



एक आंख में रोशनी नहीं फिर भी किया श्रृंगार

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शहर के मध्य सराफा और बर्तन बाजार के बीच हनुमान मंदिर धानमंडी में अर्णव राजू पारीक ने हनुमानजी का विशेष श्रृंगार किया। अर्णव की एक आंख में रोशनी नहीं है फिर भी इस दिव्यांग बालक ने हनुमानजी का विशेष श्रृंगार किया जिसे श्रद्धालुओं ने देखा और सराहा।



अग्रसेन सोशल ग्रुप ने 150 बच्चों के लिए किया सेवा कार्य

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अग्रसेन सोशल ग्रुप द्वारा सार्थक दिवाली अभियान के अंतर्गत 150 जरूरतमंद बालक-बालिकाओं, महिलाओं को मिठाई नमकीन फुलझड़ी अनार वितरित किए गए। शिव जिंदल, राजेश गर्ग कमलेश मित्तल ने बताया कि अतिथि नकुल पाटोदी और सुमन शाही थे।

सेन महाराज के स्मारक निर्माण का संकल्प

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। गोटेगांव में भारतीय सेन समाज ओंकारेश्वर क्षेत्र न्यास के पूर्व संस्थापक अध्यक्ष सुभाष वर्मा सेन मध्य प्रदेश गुजराती सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक चौहान पहुंचे वहां उन्होंने सेन समाज के अलग-अलग संगठन को एक संगठन बनाने की बात भी कही। कहा कि अभी समाज पूरी तरह प्रदेश में एकजुट नहीं है, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने उमरिया जिले के बांधवगढ़ में संत शिरोमणि सेन जी महाराज के जन्म स्थल पर 2 एकड़ जमीन का आवंटन की घोषणा की थी। संगठित नहीं होने से वहां भूमिपूजन नहीं हो पा रहा है। अब



इस मामले में मंत्री प्रहलाद पटेल से सहयोग लेकर सीधे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सेन स्मारक को लेकर चर्चा की जाएगी। बैठक के दौरान स्थानीय सेन समाजन मौजूद रहे।

मुक्तिधाम पर दीप दान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संस्था 'आनंद गोष्ठी' के लव मालू ने कल नरक चतुर्दशी पर कई मुक्तिधाम के द्वार पर 'एक दीया, पुरखों के नाम' लगाने का कार्य किया और करवाया। मुख्य आयोजन जूनी इन्दौर मुक्तिधाम पर किया गया।



बर्तन व्यवसायी मेहता को मातृ शोक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। बर्तन बाजार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और बर्तन व्यवसायी नरेन्द्र मेहता एवं सुरेन्द्र मेहता की माताजी चन्द्रकांता देवी पति स्व. केशरीमल मेहता का निधन हो गया। मृत्यु पूर्व उन्हें संथारा भी कराया गया। बर्तन बाजार ट्रस्ट के मंत्री पद से भी सुरेन्द्र मेहता जुड़े हैं। पूर्व में नरेन्द्र मेहता और वर्तमान में



सुरेन्द्र मेहता, राकेश मेहता कसेरा बाजार स्कूल बोर्ड के सदस्य भी है। जैन समाज से भी जुड़े हुए हैं।

शवयात्रा आज सुबह बर्तन बाजार निवास से निकलकर रामबाग मुक्तिधाम पहुंची, जहां अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में जैन समाजजन, बर्तन व्यवसायी और ट्रस्ट व स्कूल से जुड़े पदाधिकारी, सदस्य व निकट के रिश्तेदार भी मौजूद रहे। सद्भावना सभा-शोक निवारण कल 9 नवम्बर सोमवार सुबह 10 बजे महावीर बाग एरोड्रम रोड पर रखा गया है।



कमल की रंगोली वंशिता ने बनाई

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। तम्बोली बाखल में वंशिता गोयल ने कमल की रंगोली कला के माध्यम से बनाई। कल चौदस पर यह रंगोली उकेरी गई तो बड़ी संख्या में लोग रंगोली देखने पहुंचे।

रंगोली में भगवान कृष्ण की आकृति

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। उषा नगर एक्सटेंशन में संध्या कुसुमाकर ने सहयोगियों का सहयोग लेकर भगवान कृष्ण की रंगोली उकेरी। कई रंगों का समावेश कर यह आकृति बनाई गई, जो आकर्षण का केन्द्र रही।





महोत्सव में रामस्नेही संत की मौजूदगी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दीपावली का पर्व चल रहा है ऐसे में 18 साल बाद रामस्नेही संत आचार्य श्री 1008 स्वामी रामदयाल महाराज का सानिध्य श्रद्धालुओं को मिला। दीपों की जगमगाहट और आतिशबाजी ने भक्तों का उत्साह बढ़ाया। उक्त जानकारी मुकेश कचोलिया ने दी।

बालाजी का नोट से किया श्रृंगार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नवलखा स्थित श्री सिद्धेश्वर वीर बालाजी महाराज का नोटों से विशेष श्रृंगार दर्शन श्रद्धालु कर रहे हैं। 20 रु. से लेकर 200 रु. तक के नोट का श्रृंगार किया गया है। रोशनी भी मंदिर पर आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है।



गोवर्धननाथ मंदिर में परिक्रमा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। गोवर्धननाथ मंदिर में 5 दिवसीय दीपावली आयोजन के दौरान भगवान श्रीकृष्ण गोवर्धननाथ की परिक्रमा की गई। गोस्वामी



वल्लभाचार्य दिव्येश बाबा ने आशीर्वचन भी दिए। पानी बचाने का संदेश भी दिया गया। श्रवण वर्मा, गोपाल नीमा, श्रीनाथ गुप्ता, लक्ष्मीनारायण शर्मा, लाला गुरु, सत्य सनातन शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

दीपावली पूजन के लिए फ्रेस नोट गड्डी की डिमांड

बैंकों ने अभी तक शुरू नहीं किया ग्राहकों को बांटना, 10 और 20 के साथ 50 के नए नोट की ज्यादा है मांग

इंदौर। पूजन के लिए व्यापारियों और आम नागरिकों की फ्रेश नोट की गड्डी की जबरदस्त डिमांड है, लेकिन हालात यह है कि आज दीपावली है, लेकिन बैंकों ने अभी तक नए नोट के बंडल अपने ग्राहकों को बांटना शुरू नहीं किए। दरअसल बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा अपने ग्राहकों को दीपावली पूजन के लिए फ्रेस नोट की गड्डी दीपावली से दो तीन दिन पहले देने का कहा था इधर बैंक से जुड़े सूत्रों का कहना है कि अभी बैंक में भी छोटे फ्रेस नोट के बंडल नहीं आए है। कुछ बैंको के अधिकारियों का कहना है कि उनके पास फिलहाल 100 और 200 के अलावा पांच सौ के नोट के बंडल की उपलब्धता है।

जबकि ग्राहकों की सबसे ज्यादा मांग 20, 50 100 रुपए के नए नोट के बंडल की डिमांड है, लेकिन बैंक अधिकारियों का कहना है कि 20 और 50 के नोट हमारे पास ही नहीं आ रहे हैं तो हम ग्राहकों को कहां से दे पाएंगे। बैंक से 100 और 200 के साथ सीमित मात्रा में 50 के नए नोट की गड्डी अपने ग्राहकों को देने की तैयारी चल रही है। बैंक ऑफ बड़ौदा और भारतीय स्टेट बैंक से जुड़े सूत्रों के मुताबिक अब आज से 100 और 200 के साथ सीमित मात्रा में 50 के कड़क फ्रेस नोट के बंडल बांटने का काम शुरू किया जाएगा।

एक ग्राहक को एक से ज्यादा नए नोट की गड्डी नहीं दी जाएगी

बैंकों से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि 50 ,100 और 200 नए नोट की गड्डी किसी भी ग्राहक को एक दो से ज्यादा नहीं दी जाएंगी। खासकर 50 और 100 के नए नोट की उपलब्धता के आधार पर हमारी ब्रांच से जुड़े ग्राहकों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दी जाएगी। वही किसी भी ग्राहक को एक जैसे नोट की एक दो से ज्यादा गड्डी नहीं दी जाएगी। दरअसल 50 और 20 के नोट की उपलब्धता लंबे समय से बैंकों में नहीं है। बाजार में 10 और 20 के नोट की गड्डियों की शादी विवाह में भी जबरदस्त डिमांड रहती है। इसलिए 10 और 20 के साथ 50 के नए नोट की फ्रेस गड्डी ऊंचे दाम पर ब्लैक में बिकती है। क्योंकि शादी में खर्च करने और बारात में उड़ाने के लिए 10 , 20 और 50 के नोट गड्डी हमेशा जबरदस्त डिमांड रहती है। इसलिए लोगों का कहना है कि लंबे समय 10 , 20 और 50 के नए नोट तो देखने को नहीं मिल रहे है। जिसका कारण यह है कि सरकार ने इन नोटो की छपाई लंबे समय से बंद कर रखी है। इसलिए इनकी उपलब्धता न बाजार में न बैंक में कहीं भी नहीं है।

एक साथ 10 परीक्षाओं की अधिसूचना जारी करेगा पीएससी

परीक्षा के पहले तकनीकी बाधाएं दूर होंगी, एमपी पीएससी की बड़ी तैयारी

इंदौर। एमपी पीएससी अगले माह दिसंबर में 10 बड़ी परीक्षाओं की अधिसूचना जारी करेगा। इसमें स्टेट-फॉरेस्ट सर्विस एग्जाम-2027 व स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस, आयुर्वेद होम्योपैथी और यूनानी मेडिकल ऑफिसर और सहायक प्राध्यपक भर्ती परीक्षा भी शामिल हैं। इस बार 2026 की तुलना में ज्यादा परीक्षाएं होंगी, पद भी ज्यादा रहेंगे। उससे पहले तकनीकी दिक्कत दूर की जाएगी। क्योंकि ओबीसी आरक्षण मामले में 87-13 फार्मूला जारी रहेगा या हटेगा,यह दूर करना जरूरी है।



खाली पदों की जानकारी मिलने लगी- पीएससी ने विभागों को खाली पदों की विस्तृत जानकारी तैयार करने को कहा था। वह मिलने लगी हैं। तीन-चार परीक्षाओं को लेकर सस्पेंस है। इनमें फूड सेफ्टी ऑफिसर, एडीपीओ, मेडिकल ऑफिसर और असिस्टेंट मैनेजर व कुछ अन्य परीक्षाएं शामिल हैं। एडीपीओ की वैकेंसी इस साल ही आई है। एग्जाम भी हो गई है। पद भी 17 से सीधे 107 कर दिए हैं। अब नए पद मुश्किल हैं। असिस्टेंट मैनेजर हेल्थ डिपार्टमेंट के भी 68 पदों की वैकेंसी आई थी तथा चयन सूची भी आ चुकी है। वहीं मेडिकल ऑफिसर के भी बंपर 1832 पदों के इंटरव्यू करवाकर 1200 से ज्यादा की चयन सूची आ चुकी है। इसलिए इन परीक्षाओं की नई वैकेंसी पर सस्पेंस है। हालांकि अभ्यर्थियों की तरफ से फूड सेफ्टी ऑफिसर के नए विज्ञापन की मांग कई माह से लगातार की जा रही है। उनका कहना है वह वैकेंसी 2024 की थी तथा एग्जाम होते-होते व चयन सूची आने तक काफी समय लग गया।

इस बार नया क्या - इस बार ज्यादा पद देना जरूरी है। क्योंकि पांच-छह साल से तमाम परीक्षाओं के 13 फीसदी पद होल्ड पर हैं। ओबीसी आरक्षण मामला अब सुप्रीम कोर्ट में होने से इन पदों पर नियुक्तियां नहीं हो पा रही हैं। इंटरव्यू हो चुके हैं लेकिन चयन सूची होल्ड पर हैं। ये कब घोषित होंगी, तय नहीं। इस वजह से भी खाली पदों की संख्या हर साल बढ़ रही है। एक्सपर्ट्स कहते हैं कम पद होने के कारण प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। पद होल्ड पर होने से भी अभ्यर्थियों का आत्मविश्वास कमजोर हो रहा है। पिछले दो सालों में प्रमुख परीक्षाओं में पद नाममात्र के दिए गए। उनमें भी जनरल कैटेगरी के बहुत ही कम थे। राज्य सेवा परीक्षा-2025 में जहां 158 पद थे, वहीं राज्य सेवा परीक्षा -2026 में 156 पद ही थे। जबकि स्टेट सर्विस एग्जाम में 2022 तक पदों की संख्या डिमांड के अनुरूप रहती थी, क्योंकि 2019 में 571 पद थे फिर 2020 व 2021 में 260 तथा 289 पद दिए गए। 2022 में राज्य सेवा में 457 पद दिए गए, लेकिन उसके बाद से ढर्रा बिगड़ गया। वन सेवा में तो 30 ही पद थे। यही नहीं, जिस स्टेट इंजीनियरिंग सर्विस एग्जाम में 400 पदों की मांग थी, उसमें सिर्फ 34 पद दिए गए। असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा में भी पद व विषय दोनों घट गए। 2024 में जहां 23 विषयों के 1918 पद थे, वहीं 2025 की वैकेंसी में ये विषय घटकर 19 व पद 1239 रह गए।



एमवाय हॉस्पिटल बिल्डिंग निर्माण कार्य ने पकड़ी रफ्तार

इंदौर। महाराजा यशवंतराव अस्पताल (एमवाय) परिसर में इसी साल 1450 बेड क्षमता वाले आधुनिक नए एमवाय हॉस्पिटल के निर्माण के लिए लगभग 800 करोड़ की लागत से नई अस्पताल बिल्डिंग के निर्माण का कार्य शुरू किया गया था। वहीं अब इस नई बिल्डिंग निर्माण कार्य ने दुगनी तेजी के साथ गति पकड़ ली है। जिसके अंतर्गत वर्तमान में निर्माण एजेंसी द्वारा जमीनी काम को पहले से कई गुना ज्यादा गति देते हुए दिन -रात स्ट्रक्चर निर्माण का कार्य करवाया जा रहा है, जो अब दूर से दिखाई भी देने लगा है। जबकि पहले शुरुआत के छह माह तक जमीनी काम ही किया जा रहा था।

दो शिफ्ट में 50 से ज्यादा मजदूर और अन्य इंजीनियर टीम दे रही रफ्तार–दो शिफ्ट में रात - दिन 50 से ज्यादा मजदूर और दर्जनों इंजीनियर की फ़ौज द्वारा लगातार काम को तेजी की रफ़्तार देते हुए निर्माण कार्य स्पीड के साथ करवाया जा रहा है। जबकि पहले चरण में पुराने एमवाय हॉस्पिटल के आसपास बने सालों पुराने सरकारी क्वार्टर तोड़कर जगह को क्लीयर किया गया। यही नहीं शुरुआती छह सात महीने में जमीनी काम ही हो रहा था। जिसमें कई पेड़ों को हटाकर उनकी शिफ्टिंग और ट्रांसप्लांट किए गए। वहीं अब जमीन से ऊपर कालम खड़े करने और बिल्डिंग स्ट्रक्चर निर्माण कार्य में भी तेजी नजर आने लगी है। वैसे निर्माण कार्य की समय सीमा तीस माह रखी गई है जिसमें से आठ से नौ माह का समय निकल चुका है।

नई अत्याधुनिक हॉस्पिटल बिल्डिंग निर्माण की खासियत- इस नई अत्याधुनिक अस्पताल बिल्डिंग का निर्माण लगभग 773.07 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है।

क्षमता और स्वरूप : इस योजना के तहत 1450 बेड का आधुनिक अस्पताल भवन तैयार किया जा रहा है।

अन्य सुविधाएं : मुख्य अस्पताल भवन के साथ ही परिसर में 550 बेड का नर्सिंग हॉस्टल, 250 सीटों का मिनी ऑडिटोरियम, सार्वजनिक पार्किंग, सोलर पैनल, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और अन्य बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किए जा रहे हैं।

वर्तमान स्थिति : साइट पर वर्तमान में फाउंडेशन स्लैब डालने और विभिन्न हिस्सों में सिविल वर्क व खुदाई का काम तेजी से चल रहा है।

इस विस्तार से इंदौर सहित पूरे मालवा-निमाड़ क्षेत्र के लाखों मरीजों को बेहतर और अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं मिल सकेंगी। जिसका भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा फायदा बढ़ती आबादी में शहरवासियों को मिलेगा।

एडीपीओ भर्ती परीक्षा का रिजल्ट रहेगा होल्ड पर

इंदौर। मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग की एडीपीओ भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित होगा या नहीं, इस पर असमंजस रहेगा। क्योंकि ओबीसी आरक्षण मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है। वहां से कोई निर्देश नहीं मिले है। वैसे भी इसका मूल्यांकन ही 15 दिसंबर तक तो चलेगा। इसके बाद भी परिणाम पर असमंजस की संभावना है। यह पीएससी की सबसे अहम परीक्षाओं में से एक है।

कब हुई परीक्षा, क्यों रही चर्चा?- यह एग्जाम 1 नवंबर को दोपहर 12 से 3 बजे तक आयोजित की गई थी। 107 पदों के लिए हुई परीक्षा के लिए 32 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे। लेकिन परीक्षा देने सिर्फ 58 फीसदी पहुंचे। इसी की चर्चा ज्यादा रही। 42 प्रतिशत अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे थे। परीक्षा की वैकेंसी 11 साल में सिर्फ दूसरी बार दी गई थी। परीक्षा में इस बार नेगेटिव मार्किंग भी थी। पेपर भी तुलनात्मक रूप से कठिन था। ऐसे में अभ्यर्थियों को कम उपस्थिति से राहत तो मिली है, लेकिन कठिन पेपर की वजह से एवरेज अभ्यर्थियों की राह मुश्किल हो गई है। शिक्षाविद् डॉ. अनिल मिश्र कहते हैं कि परीक्षा में निगेटिव मार्किंग का असर सबसे ज्यादा दिखेगा। कुल मिलाकर पेपर सामान्य से कठिन रहा।

चार जिलों में परीक्षा, फिर भी ये हाल- परीक्षा के लिए इंदौर, भोपाल, जबलपुर व ग्वालियर में सेंटर बनाए गए थे। इंदौर में सबसे कम 50 फीसदी उपस्थिति रही थी। राज्य सेवा, स्टेट इंजीनियरिंग व असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के बाद इसी परीक्षा को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। लगातार डिमांड व मांग पत्र के बाद भी पीएससी ने एडीपीओ की वैकेंसी 2015 के बाद जून 2021 में निकाली थी। पांच साल पहले कुल 256 पद दिए गए थे, लेकिन इस बार सिर्फ 107 पद दिए गए।

2021 में एडीपीओ की वैकेंसी आई थी, लेकिन उसकी चयन सूची दो साल लेट आई थी। मई-जून 2022 तक परीक्षा व रिजल्ट के साथ इंटरव्यू भी हो जाना थे, लेकिन एग्जाम ही लगभग एक साल देरी से 18 दिसंबर 2022 को हुई थी। 4 जनवरी 2023 को परिणाम जारी किया गया। इंटरव्यू एक साल बाद 2024 में हुए थे, फिर चयन सूची में अतिरिक्त समय लगा।

अभी नए पद जुड़ेंगे या नई वैकेंसी आएगी- पीएससी पिछले एक साल से लगभग हर तीसरी परीक्षा में पदों की संख्या बढ़ा रहा है। एडीपीओ की इस परीक्षा की वैकेंसी के समय 17 ही पद थे, फिर बढ़ाकर 107 हुए। अब रिजल्ट से पहले कुछ और पद बढ़ाए जा सकते हैं। 2021 में भी जो वैकेंसी जारी हुई थी, तब शुरुआत में 92 ही पद रखे थे। उसके बाद पदों की संख्या बढ़ाकर 148 की गई थी।

रेलवे ओवर ब्रिज एरिया को जगमगाएगा

इंदौर। लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी अब रेती मंडी रेलवे ओवर ब्रिज क्षेत्र को एक करोड रुपए से ज्यादा खर्च कर सजाने संवारने और चमकाने की तैयारी कर रहा है। जिसके अंतर्गत दिवाली बाद विभाग द्वारा राजेंद्र नगर क्षेत्र के नवीन रेलवे ब्रिज फ्लाईओवर के आसपास आकर्षक तेज रोशनी वाली एलइडी लाइटिंग लगाने की तैयारी शुरू हो गई है। यही नहीं इसको लेकर पीडब्ल्यूडी द्वारा विभागीय तैयारी भी शुरू कर दी है। पीडब्ल्यूडी विद्युत विभाग के अंतर्गत राजेंद्र नगर रेलवे स्टेशन से जुड़े रेती मंडी रेलवे ओवर ब्रिज के आसपास रोशनी के इस कार्य के लिए विभाग द्वारा करीब एक करोड़ से ज्यादा खर्च किए जाएंगे। जिसको लेकर पिछले दिनों ही ऑनलाइन निविदा भी जारी कर दी गई है। वहीं अब दिवाली बाद बेहद निविदा संबंधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द लाइटिंग लगाने का काम भी शुरू कर दिया जाएगा।

90 नए बिजली के पोल पर लगेंगी 180 से ज्यादा लाइटिंग– लोकनिर्माण विभाग में प्रोजेक्ट से जुड़े अफसरों के मुताबिक निविदा प्रक्रिया पूरी होने के बाद अगले माह करीब 90 से ज्यादा नए बिजली के पोल पर डेढ़ सौ से ज्यादा नई एलइडी लाइटिंग लगाई जाएगी। जिससे राजेंद्र नगर क्षेत्र में रेलवे ओवर ब्रिज के आसपास के हिस्से का लंबे समय का अंधेरा दूर होगा। साथ ही इस क्षेत्र में आए दिन होने वाली दुर्घटनाएं और हादसों में भी कमी आएगी। इसको लेकर लंबे समय से अफसर प्लानिंग कर तैयारी की जा रही थी। वहीं अब टेंडर संबंधित प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। जिसके बाद अब आने वाले दिनों में जमीनी काम भी नजर आएगा, जिससे क्षेत्र का अंधेरा दूर होगा।

संपादकीय

कर्मभूमि एक्सप्रेस में आग ने फिर दिखाई रेलवे की सुरक्षा खामी रेल सफर कब सुरक्षित होगा

शुक्रवार को राजपुरा के पास अमृतसर से बिहार जा रही कर्मभूमि एक्सप्रेस के चार डिब्बों में आग लग गई। गनीमत बस यही रही कि समय रहते ट्रेन को रोक लिया गया और यात्री किसी तरह ट्रेन से उतरकर खुद को बचा सके। जब भी रेल महकमे में प्रबंधन और सेवाओं के स्तर पर सुधार का सवाल आता है, तब सरकारी दावे कमोबेश इसी तरह के होते हैं कि अब यहां के आम लोगों को ट्रेन में सफर करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं का अनुभव होगा। मगर यात्रा के दौरान ट्रेनों से लेकर प्लेटफार्मों तक पर होने वाले हादसे यही बताते हैं कि सरकार के दावों के बरक्स साधारण लोगों को रेलगाड़ी से सफर के दौरान न केवल बहुस्तरीय मुश्किलों और बाधाओं का सामना करना पड़ता है, बल्कि कई बार जानलेवा जोखिम से भी गुजरना पड़ता है। पंजाब में पटियाला के पास राजपुरा में एक ट्रेन में आग लगने की घटना से एक बार फिर ट्रेन यात्रा को लेकर सवाल खड़ा हुआ है कि यात्री आखिर अपने गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचने के किस भरोसे पर रेल यात्रा करे। गौरतलब है कि शुक्रवार को राजपुरा के पास अमृतसर से बिहार जा रही कर्मभूमि एक्सप्रेस के चार डिब्बों में आग लग गई। गनीमत बस यही रही कि समय रहते ट्रेन को रोक लिया गया और यात्री किसी तरह ट्रेन से उतरकर खुद को बचा सके। सवाल है कि एक चलती ट्रेन में आग लगने के बाद यात्रियों के हताहत न होने को क्या सिर्फ इस आधार पर सुरक्षा इंतजामों का एक आदर्श उदाहरण माना जा सकता है कि रेलवे के सुरक्षा तंत्र ने समय रहते खतरे का संकेत दे दिया? जिस तरह यात्रियों से भरी ट्रेन के चार डिब्बों में आग लग गई, ऐसे में इस हादसे का असर क्या हो सकता था, इसकी बस कल्पना ही की जा सकती है। अब एक औपचारिकता और रस्म की तरह आग लगने के कारणों की जांच की घोषणा हुई है, लेकिन उसके नतीजे क्या आएंगे, उसके लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाएगा, क्या कार्रवाई होगी, इसका पता आम लोगों को शायद ही कभी लग पाए। इसके समांतर भारतीय ट्रेनों को अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं से लैस करने के लिए आए दिन कार्यक्रमों की घोषणाएं होती रहती हैं। एक ओर बुलेट ट्रेन परियोजना का हवाला देकर रेलवे को नई ऊंचाई देने के दावे अक्सर दोहराए जाते रहते हैं, दूसरी ओर ट्रेनों के पटरी से उतरने, आपस में टक्कर से लेकर आग लगने की घटनाएं होती रहती हैं। कभी धुंध या कोहरे, तो कभी किसी अन्य कारण से ट्रेनों का अपने गंतव्य तक कई-कई घंटे की देरी से पहुंचना और निर्धारित ट्रेनों का रद्द होना एक आम व्यवस्था की तरह हो गई है। एक अनुमान के मुताबिक, रेल महकमे में अब भी करीब ढाई लाख पद खाली पड़े हैं। खुद रेलवे ने सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत यह जानकारी दी थी कि अकेले सुरक्षा श्रेणी में डेढ़ लाख से अधिक स्वीकृत पद रिक्त हैं। इस स्थिति में हादसों से लेकर सेवा में कमी और अन्य स्तर पर मौजूद खामियों की वजहें समझी जा सकती हैं। रेलवे की खानपान सेवा में जिस तरह खराब खाना परोसने की शिकायतें अक्सर आती रहती हैं, वह यात्रियों के साथ बेईमानी से कम नहीं है। कोई दुर्घटना होने या अनियमितता के खुलासे और उसके तूल पकड़ने के बाद केवल जांच और कार्रवाई का भरोसा देने की खबरों से व्यवस्था में सुधार संभव नहीं है। इसके लिए रेलवे को ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ काम करना होगा। अव्यवस्था से लेकर हादसों की निरंतरता को देखते हुए क्या सरकार कभी इस बात की जरूरत महसूस करती है कि एक आम यात्री उसकी ओर से सुरक्षित यात्रा के भरोसे ही अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए रेल से सफर का चुनाव करता है?

पुलिस अफसरों ने किया पालदा औद्योगिक क्षेत्र की फैक्ट्रियों का औचक निरीक्षण

पॉइजन एक्ट और केमिकल सुरक्षा मानकों की ली जानकारी





इंदौर। औद्योगिक सुरक्षा और विनियामक कानूनों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय है। इसी कड़ी में एसीपी जूनी इंदौर विजय चौधरी और भंवरकुआं थाना प्रभारी संतोष दूधी ने संयुक्त रूप से पालदा उद्योग नगर स्थित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने 'पॉइजन एक्ट', केमिकल के रख-रखाव और अन्य सुरक्षा सावधानियों के संबंध में फैक्ट्रियों के संचालकों और प्रबंधकों से विस्तृत चर्चा की।

निरीक्षण अभियान के तहत अधिकारियों ने सबसे पहले पालदा उद्योग नगर स्थित 'पारुल ट्रेडिंग कंपनी' का जायजा लिया। इस इकाई के ऑनर गोपाल गुप्ता के साथ-साथ रिफाइनरी सेक्शन मैनेजर अर्जुन सिंह दावरे, प्रोडक्शन मैनेजर मुकेश जैन और वहां कार्यरत वर्कर्स से चर्चा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। फैक्ट्री में सोया बायो प्रोडक्ट का कार्य कर पशु आहार तैयार किया जाता है। अधिकारियों ने उत्पादन प्रक्रिया और केमिकल स्टोरेज के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की समीक्षा की। इसके पश्चात, अधिकारियों की टीम ने पालदा उद्योग नगर स्थित सोहम केमिकल का भी निरीक्षण किया। इस फैक्ट्री में साबुन और सर्फ का निर्माण किया जाता है। निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री ओनर दीपक शिवलानी और वहां के कामगारों से आवश्यक चर्चा कर पॉइजन एक्ट और केमिकल हैंडलिंग से जुड़े सुरक्षा नियमों के पालन पर जोर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने निर्देश दिए कि फैक्ट्रियों में सभी सुरक्षा मानकों और विधिक प्रावधानों का कड़ाई से पालन किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय दुर्घटना से बचा जा सके।

वारदात के इरादे से चाकू लेकर घूम रहा जिला बदर बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ा



इंदौर। हीरानगर पुलिस ने जिला बदर किए गए एक शातिर बदमाश को धर दबोचा है। आरोपी शहर में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की नीयत से अवैध चाकू लेकर घूम रहा था और पुलिस आयुक्त के जिला बदर आदेश का खुला उल्लंघन कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक स्प्रिंग वाला अवैध चाकू जब्त कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, हीरानगर थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आईएसबीटी बस स्टैंड के पास एक संदिग्ध युवक चाकू लेकर किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल हरकत में आई और आईएसबीटी बस स्टैंड पर पहुँची। पुलिस बल को देखते ही आरोपी वहाँ से भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन सतर्क पुलिसकर्मियों ने त्वरित घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पकड़े गए संदिग्ध की तलाशी लेने पर उसके पास से एक स्प्रिंग वाला अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में उसकी पहचान अभिषेक उर्फ पड़ी के रूप में हुई। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपी अभिषेक उर्फ पड़ी के खिलाफ पूर्व से जिला बदर की कार्रवाई संस्थित है और वह पुलिस आयुक्त के जिला बदर आदेश की अवहेलना कर अवैध रूप से शहर की सीमा में घूम रहा था। हीरानगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अवैध हथियार रखने पर आर्म्स एक्ट और जिला बदर आदेश के उल्लंघन पर धारा 14 मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया है।

अपार्टमेंट के पास वॉक पर निकले दंपती से मारपीट

इंदौर। एमआईजी थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीनगर मेन स्थित प्रिंसेस क्राउन अपार्टमेंट के बाहर वॉक करने निकले एक दंपती पर पुराने विवाद के चलते हमला कर दिया गया। आरोपी पड़ोसी ने दंपती के साथ थप्पड़-मुक्कों और लातों से मारपीट की, जिससे पति का चश्मा टूट गया। बीच-बचाव करने आई पत्नी के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुराने विवाद पर पड़ोसी ने जड़ा थप्पड़, चश्मा भी तोड़ा

पुलिस के अनुसार, यह घटना प्रिंसेस क्राउन, श्रीनगर मेन अपार्टमेंट के पास हुई। फरियादी चारुमित्र डांगीवाला पिता कामता प्रसाद डांगीवाला (58) निवासी प्रिंसेस क्राउन, श्रीनगर मेन ने पुलिस को बताया कि वे अपनी पत्नी ललिता डांगीवाला के साथ अपार्टमेंट से नीचे वॉक करने के लिए बाहर निकले थे। वहाँ पहले से आरोपी अनिल शर्मा निवासी प्रिंसेस क्राउन, श्रीनगर मेन खड़ा हुआ था। आरोपी पुराने किसी विवाद को लेकर अचानक उनके साथ गाली-गलौज करने लगा। जब चारुमित्र ने उसे गालियां देने से मना किया, तो वह उग्र हो गया और उनके साथ थप्पड़-मुक्कों व लातों से मारपीट शुरू कर दी। इस झूमाझटकी में चारुमित्र का चश्मा नीचे गिरकर टूट गया। पति को बचाने जब उनकी पत्नी ललिता डांगीवाला बीच-बचाव करने आगे आईं, तो आरोपी ने उनके साथ भी थप्पड़-मुक्कों और लातों से मारपीट की। एमआईजी थाना पुलिस ने पीड़ित चारुमित्र डांगीवाला की रिपोर्ट पर आरोपी अनिल शर्मा के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

अड़ीबाजी के लिए युवक पर चाकू से हमला

इंदौर। भंवरकुआं थाना क्षेत्र में एक युवक से अड़ीबाजी कर उस पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह वारदात खंडवा नाका चौराहा पर गारमेंट स्कूल के पास स्थित एक पान की दुकान के सामने घटी। घायल युवक राहुल पिता दिनेश सोलंकी, निवासी गणेश नगर गत रात करीब 9 बजे पान की दुकान के पास खड़ा था। इसी दौरान एक सफेद रंग की मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो अज्ञात बदमाश वहां पहुंचे। आरोपियों ने युवक को घेर लिया और धमकाते हुए कहा कि आज त्योहार का दिन है, हमें शराब पीना है, इसलिए शराब के लिए एक हजार रुपए दो। जब राहुल ने पैसे देने से साफ इनकार किया, तो बदमाशों ने उसे गालियां देना शुरू कर दिया। विरोध करने पर एक आरोपी ने अपने पास रखा चाकू निकाला और राहुल की पीठ में घोंप दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग एकत्र हुए, तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

दहशत फैलाने वाला बदमाश फरसे के साथ गिरफ्तार

वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा, थाने में गिड़गिड़ाने लगा



इंदौर। शहर में कानून व्यवस्था और सुरक्षा को चुनौती देने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में छत्रीपुरा थाना पुलिस ने गंगवाल बस स्टैंड के पास से एक ऐसे दबंग बदमाश को धर दबोचा, जो हाथ में घातक हथियार फरसा लेकर इलाके में खुलेआम दहशत फैला रहा था। आरोपी का हथियार के साथ आतंक मचाते हुए वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे घेराबंदी कर दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी पुलिस के सामने हाथ जोड़कर माफी मांगने लगा।



पुलिस के अनुसार, आरोपी आशीष भाटिया निवासी पंचमूर्ति नगर अपने हाथ में एक नुकीला और घातक फरसा लेकर गंगवाल बस स्टैंड के आसपास घूम रहा था। वह राहगीरों और स्थानीय रहवासियों को डरा-धमकाकर अपनी धौंस जमा रहा था। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने उसका फरसा लहराते हुए दहशत फैलाने का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो के वायरल होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और छत्रीपुरा थाना पुलिस हरकत में आई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम ने तुरंत जाल बिछाया और गंगवाल बस स्टैंड क्षेत्र की घेराबंदी कर आरोपी आशीष भाटिया को धर दबोचा। पुलिस ने उसके कब्जे से वह घातक फरसा भी बरामद कर लिया है। खास बात यह रही कि पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद आरोपी के तेवर ठंडे पड़ गए और वह अपनी हरकतों पर शर्मिंदा होने का नाटक करते हुए पुलिसकर्मियों के सामने हाथ जोड़कर माफी मांगने लगा।

कृषि महाविद्यालय के सामने से एमडी ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार

1.20 लाख रुपये की अवैध मादक सामग्री जब्त

इंदौर। शहर में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार और ड्रग्स तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत इंदौर क्राइम ब्रांच ने एक और सफलता हासिल की है। पुलिस ने कृषि महाविद्यालय के सामने से एक संदिग्ध युवक को दबोचा है, जिसके कब्जे से भारी मात्रा में महंगी एमडी ड्रग्स बरामद की गई है।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर तंत्र के जरिए सूचना मिली थी कि एक युवक प्रतिबंधित मादक पदार्थ की खेप के साथ इलाके में घूमने वाला है।

इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने कृषि महाविद्यालय के सामने घेराबंदी की और संदिग्ध अवस्था में मिले युवक को हिरासत में ले लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान अमन सिंगार निवासी चिराड़ मोहल्ला, मुसाखेड़ी के रूप में हुई है। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अवैध एमडी ड्रग्स बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 1,20,000 रुपये आंकी गई है। क्राइम ब्रांच ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस अब अमन से यह कड़ाई से पूछताछ कर रही है कि वह यह ड्रग्स कहाँ से लेकर आता था और इंदौर में इसे किन-किन लोगों या युवाओं को सप्लाई किया जाना था। इस ड्रग्स तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य सप्लायर्स और तस्करों की भी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

त्योहार पर देर रात तक निभाई जा रही है यातायात पुलिस द्वारा जिम्मेदारी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दीपावली का महापर्व चल रहा है धनतेरस पर भी बाजार देर रात तक चालू रहे थे, यातायात का दबाव आधी रात के बाद तक था। वहीं कल चौदस को भी व्यापारिक क्षेत्र देर तक चालू रहे थे। यातायात का दबाव भी रोड पर था, पुलिस ने मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारी यातायात प्रबंधन के लिए निभाई। शहर के मध्य राजवाड़ा क्षेत्र को नो व्हीकल झोन कर रखा है, कई जगह यातायात के मार्ग भी परिवर्तित किए गए हैं। पैदल खरीददारी करने वाले ग्राहकों



को यातायात का लाभ मिले इसकी भी जुगत की गई। डीसीपी ट्राफिक राजेश कुमार त्रिपाठी भी धनतेरस की रात के बाद कल रूप चौदस की रात तक भी यातायात अधिकारी और पुलिसकर्मियों के साथ राजवाड़ा से लेकर क्लॉथ मार्केट के व्यापारिक क्षेत्र का भ्रमण करते रहे, सूचना का प्रसारण भी करवाते रहे। कई बच्चे परिवार से बिछड़ गए थे उन्हें भी मिलवाया गया।

काम के तनाव और तंगी से परेशान युवक ने लगाई फांसी

घर लौटे मां और भाई ने फंदे पर लटका देखा

इंदौर। लसूड़िया थाना क्षेत्र में आजीविका के संकट और काम को लेकर चल रहे गंभीर तनाव के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त युवक घर पर अकेला था और जब उसकी मां व छोटा भाई बाहर से लौटे, तो उसे फंदे पर लटका पाया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार, मृतक सन्नी पिता जुगल सिंह (27) है। वह चार पहिया वाहन चलाने का काम करता था और परिवार में इकलौता कमाने वाला सदस्य था। उसके सिर पर परिवार की जिम्मेदारी थी, लेकिन पिछले कुछ समय से काम ठीक न मिलने और आजीविका की तंगी के कारण वह लगातार मानसिक तनाव में रहता था। उसके पिता का निधन पहले ही हो चुका था और उसकी शादी भी नहीं हुई थी। शनिवार की रात दीपावली की खरीदारी और अन्य कार्यों के सिलसिले में



उसकी मां और छोटा भाई घर से बाहर गए हुए थे, जबकि सन्नी काम से जल्दी लौटकर अपने कमरे में चला गया था। जब परिजन देर रात घर लौटे और कमरा खोला, तो सन्नी को फंदे पर लटका पाया। आसपास के लोगों की मदद से उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी।

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची लसूड़िया थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। हालांकि, पुलिस ने मृतक का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है, जिससे यह पता लगाया जा रहा है कि खुदकुशी से ठीक पहले उसने किससे बात की थी। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है।

पुरानी रंजिश में चेहरे पर मारा चाकू

इंदौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक पड़ोसी द्वारा युवक के चेहरे पर चाकू से हमला दिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह घटना बीती रात जय हिंद नगर में हुई। घायल प्रदीप पिता राजू चौहान अपने घर के ठीक सामने बैठा हुआ था। इसी दौरान उसका पड़ोसी हर्षित उर्फ हरषु मौर्य वहां आया और पुराने विवाद को लेकर बेवजह गाली-गलौज करने लगा। आरोपी ने भड़कते हुए कहा कि तू मुझे घूरकर क्यों देख रहा है और इसी बात पर विवाद बढ़ा दिया। जब प्रदीप ने उसे गाली देने से मना किया, तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और अचानक चाकू निकालकर उसके चेहरे पर वार कर दिया। इस हमले में प्रदीप के चेहरे पर गंभीर चोट आई और खून बहने लगा।

हेलमेट पहनकर वाहन पर जा रहे दम्पति को उपहार

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। यातायात निरीक्षक लक्ष्मी धारवे कल दीपावली त्योहार के मद्देनजर यातायात प्रबंधन में लगी हुई थी। इसी दौरान



लक्ष्मी धारवे की निगाह एक वाहन पर पड़ी, जिसमें दम्पति सदस्य और बच्ची हेलमेट लगाकर जा रहे थे। धारवे ने उन्हें रोका उनके व्यवहार की प्रशंसा की। दम्पति को उपहार भी दिया।

खजराना गणेश मंदिर पर शेड तैयार



श्रद्धालुओं को बारिश-गर्मी धूप से बचाएगा

इंदौर। खजराना गणेश मंदिर पर मंदिर के मास्टर प्लान के हिसाब से कई कार्य हो रहे हैं। जिनमें मुख्य रूप से पूजन सामग्री और प्रसादी की दुकानों के सामने आकर्षक लोहे के पाइप का मजबूत डिजाइनर कवर्ड शेड का निर्माण कार्य अब पूरा होने वाला है। आधे से ज्यादा हिस्से में नवीन कवर्ड सेट बनकर तैयार है। जिससे अब बप्पा के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को गर्मी बारिश और ठंड में भी आकर्षक भव्य शेड में से निकलने का लाभ मिलेगा साथ ही बैठने की सुविधा भी मिलेगी।

दुकानदारों को अब नहीं लगाना पड़ेंगी हर साल नेट

बड़ी बात यह है कि खजराना गणेश मंदिर में सालों से प्रसाद की दुकान लगाने वाले दुकानदारों व्यापारियों को अब हर साल बरसात और धूप से बचाने वाली हरी नेट और त्रिपाल खरीद कर नहीं लगाना पड़ेगी। दुकानों के सामने अब खूबसूरती भी दिखेगी। भक्तों के साथ दुकानदारों को भी बारिश धूप और गर्मी से बड़ी राहत मिलेगी। दुकानों के सामने आकर्षक डिजाइनर शेड बनने से सभी व्यापारियों को इसका सीधा फायदा मिलेगा। आधे से ज्यादा काम पूरा हो गया है। वहीं कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में दीपावली से पहले भव्य शेड बनकर तैयार हो जाएगा।

स्मार्ट मीटर लगाने में नम्बर वन की रफ्तार थमी

अब तक 7 लाख से ज्यादा लगाए अब सवा लाख का इंतजार

इंदौर। स्वच्छता में लगातार नंबर वन और स्मार्ट सिटी के रूप में जाने वाले इंदौर शहर में अब तक इन्दौर सिटी के एरिया में स्मार्ट मीटर लगाने में नम्बर वन की रफ्तार अब धीमी पड़ है। एक ओर जहां अब तक पूरे शहर में लगभग 7 लाख से ज्यादा स्मार्ट मीटर लगाएं जा चुके हैं। वहीं अब बचे लगभग सवा लाख के आसपास स्मार्ट मीटर की खेप नहीं आने से इंतजार हो रहा है विभिन्न एरिया में लगभग सवा लाख लोगों के घरों में और स्मार्ट मीटर लगाए जाने है जिनके लिए नए मीटर आने का इंतजार हो रहा है। जबकि अब तक सात लाख के आसपास स्मार्ट मीटर विभाग द्वारा शहर में लगाए जा चुके है। यही नहीं मीटर आने के बाद जल्द अगले माह तक साउथ और ईस्ट डिवीजन में बचे हुए क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने के काम में पहले से और ज्यादा तेजी दिखेगी। जिसके लिए इन दिनों 30 विद्युत जोन में से शेष विद्युत जोन के अंतर्गत आने वाली कालोनियों के बचे हुए एरिया में नए मीटर आने के बाद लगाने का काम दोबारा शुरू किया जाएगा। जिसमें पहले से और ज्यादा तेजी दिखेंगी। हालांकि विभाग द्वारा जैसे - जैसे स्मार्ट मीटर की खेप आ रही है वैसे लगाने का काम किया जा रहा है।

अभी इन एरिया में चल रहा था मीटर लगाने का काम–बिजली विभाग से जुड़े अफसरों के मुताबिक इन दिनों शहरी क्षेत्र के साउथ और ईस्ट डिवीजन से जुड़े विभिन्न एरिया की कई कालोनियों में बिजली विभाग द्वारा नए आधुनिक सुविधाओं वाले स्मार्ट मीटर लगाने का काम किया जा रहा है। मुख्य रूप से सत्यसाईं चौराहे के आसपास स्कीम 78, सुखलिया क्षेत्र, नंदा नगर, बजरंग नगर के साथ विजयनगर क्षेत्र के बचे हुए एरियों के साथ नवलखा क्षेत्र, मैकेनिक नगर क्षेत्र, यूनिवर्सिटी जोन मनोरमागंज, डेली कॉलेज विद्युत जोन के अन्तर्गत मूसाखेड़ी, मयूर नगर के अलावा आसपास की दर्जनों कालोनियों में इन दिनों स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य तेजी के साथ पूरा किया जा रहा है। इधर डेली कालेज विद्युत जोन के सहायक यंत्री अभिनव सिंह बताते है कि हमारे क्षेत्र में कुल 36 हजार के आसपास उपभोक्ताओं में से अब तक 28 से 30 हजार के आसपास घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। वहीं आने वाले दिनों में बचे हुए क्षेत्र में करीब 6 से 7 हजार स्मार्ट मीटर और लगाए जाएंगे। जिसको लेकर मीटर आने का इंतजार है जैसे ही नए मीटर की खेप आएगी वैसे ही लगाने का काम किया जाएगा।

35 लाख खर्च कर होगा मुख्य सड़क निर्माण और चौड़ीकरण

इंदौर। सिक्का स्कूल से गोल्ड जिम तक के बड़े हिस्से में अब सालों बाद क्षेत्र के रहवासियों को दिवाली बाद बेहद जल्द नई सीमेंट सड़क निर्माण और चौड़ीकरण की सौगात मिलने वाली है। जिसको लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की मांग पर विभागीय तैयारियां भी शुरू हो गई है। अफसरों के मुताबिक रहवासियों की मांग पर फाइल मंजूरी के बाद इस क्षेत्र में नई सड़क निर्माण कार्य शुरू करने के लिए अब निविदा प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

दिवाली बाद मिलेगी नई सड़क निर्माण की सौगात - अब दिवाली बाद सिक्का स्कूल से गोल्ड जिम तक लगभग आधा किमी लंबी उक्त सड़क का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू हो जाएगा। बताया जा रहा है कि इस कार्य पर लगभग 35 लाख रुपए से ज्यादा खर्च किए जाएंगे। जिसको लेकर वर्तमान में निविदा संबंधित प्रक्रिया शुरू हो गई है। गौरतलब है कि जिसको लेकर क्षेत्र के रहवासी लंबे समय से जनप्रतिनिधियों से मांग कर रहे थे। वहीं अब दिवाली बाद कभी भी उक्त सड़क निर्माण का कार्य हाथों हाथ शुरू करवाने की तैयारी है ताकि लोगों को राहत मिल सकें।

बीमार अमिताभ बच्चन ने अलसुबह किया पोस्ट

मुंबई। महानायक अमिताभ बच्चन के बीमार होने और अस्पताल में दाखिल होने के बाद उनकी केबीसी-18 की शूटिंग बंद हो गई है। बीमारी के दौरान आज अमिताभ बच्चन ने सुबह 5:25 बजे पोस्ट जारी की। पोस्ट में स्वास्थ्य को लेकर कोई भी पोस्ट उन्होंने नहीं की।

दो युवा गेंदबाजों ने जीताए मैच, माना जा रहा था कमजोर कड़ी

वेलिंगटन। भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज से पहले टीम इंडिया की गेंदबाजी को लेकर चिंता बनी हुई थी, क्योंकि भारतीय टीम में अर्शदीप सिंह एकमात्र अनुभवी तेज गेंदबाज थे। हालांकि, वनडे सीरीज के दो मुकाबलों के बाद भी भारतीय तेज गेंदबाज चर्चा में बने हुए हैं। अब वजह अलग है। पहले युवा गेंदबाजों को कमजोर कड़ी माना जा रहा था। अब इन्हीं खिलाड़ियों की तारीफ हो रही है। भारत को शुरुआती दो मुकाबलों में जीत मिली है और दोनों मैच युवा तेज गेंदबाजों ने ही जिताए हैं।

सीरीज शुरू होने से पहले अनुभवहीन तेज गेंदबाजी आक्रमण को टीम इंडिया की कमजोर कड़ी माना जा रहा था, लेकिन इन युवा गेंदबाजों ने अपने प्रदर्शन से सभी को गलत साबित कर दिया है। पांच मैचों की वनडे सीरीज के शुरुआती दोनों मुकाबलों में भारत की जीत में तेज गेंदबाजों की अहम भूमिका रही है। खास बात यह है कि मोहम्मद सिराज जैसे अनुभवी गेंदबाज को प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिल रहा, इसके बावजूद भारतीय पेस अटैक लगातार कमाल कर रहा है।

घर में सबसे छोटे स्कोर पर आउट हुआ न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में भारतीय गेंदबाजों ने मेजबान टीम को सिर्फ 134 रन पर समेट दिया। यह वनडे क्रिकेट में भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड का अपने घर में सबसे कम ऑलआउट स्कोर है। इससे पहले कीवी टीम का सबसे कम स्कोर 1994 में ऑकलैंड में 142 रन था। भारत ने इस मुकाबले में डकवर्थ-लुईस नियम से 4 रन की जीत दर्ज की और सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली।

पहले वनडे में भी युवा गेंदबाजों ने मचाया था धमाल

सीरीज के पहले वनडे में भी भारतीय तेज गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया था। ऑकलैंड में खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम पहले



बल्लेबाजी करते हुए 185 रन पर ऑलआउट हो गई थी। भारतीय गेंदबाजों ने शुरुआत से ही कीवी बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। अर्शदीप सिंह, गुरनूर और अंशुल कंबोज ने विकेट लेकर न्यूजीलैंड की पारी को समेटने में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद विराट कोहली की 74 रन की पारी की मदद से भारत ने पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया। इस तरह लगातार दूसरे मैच में भारतीय गेंदबाजों ने टीम की जीत की नींव रखी।

गुरनूर ने भी किया कमाल

वेलिंगटन में खेले गए दूसरे वनडे में 23 साल के गुरनूर बराड़ ने अपने प्रदर्शन से सबसे ज्यादा प्रभावित किया। उन्होंने 10 ओवर में 30 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। उनके अलावा अकीब नबी ने 7 ओवर में 31 रन देकर 2 विकेट और अंशुल कंबोज ने 8 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट झटके। अर्शदीप सिंह ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए 7 ओवर में सिर्फ 16 रन दिए। भारतीय गेंदबाजों ने कुल 176 डॉट बॉल फेंकीं, जिससे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज रन बनाने के लिए जूझते रहे।

सिराज को नहीं मिल रहा मौका

भारतीय तेज गेंदबाजी की सबसे दिलचस्प बात यह है कि टीम के अनुभवी गेंदबाज मोहम्मद सिराज को प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिल रही है। सिराज दूसरे वनडे के लिए उपलब्ध थे, लेकिन टीम मैनेजमेंट ने अकीब नबी को मौका देना जारी रखा। पहले वनडे में भी भारत ने इसी युवा गेंदबाजी संयोजन पर भरोसा जताया था।

भारत और पाकिस्तान के बीच अंडर-19 एशिया कप में महामुकाबला, दांव पर सेमीफाइनल

नई दिल्ली। अंडर-19 एशिया कप 2026 में आज क्रिकेट फैंस को हाई-वोल्टेज मुकाबला देखने को मिलेगा, जहां भारत और पाकिस्तान की युवा टीमें आमने-सामने होंगी। ओमान के अल अमरात स्थित क्रिकेट ग्राउंड में खेले जाने वाले इस मैच में सबकी निगाहें भारतीय बल्लेबाजी के दो बड़े नामों आर्यवीर सहवाग और अन्वय द्रविड़ पर टिकी होंगी। इस मुकाबले को जीतने वाली टीम न सिर्फ ग्रुप में टॉप पर अपनी स्थिति मजबूत करेगी, बल्कि सेमीफाइनल में जगह बनाने के बेहद करीब पहुंच जाएगी। भारतीय अंडर-19 टीम इस ब्लॉकबस्टर मुकाबले में शानदार जीत के बाद उतर रही है। शुक्रवार को खेले गए अपने पहले मैच में भारत ने नेपाल को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी थी। नेपाल द्वारा दिए गए 128 रनों के छोटे से लक्ष्य को भारतीय सलामी जोड़ी ने महज 19.1 ओवरों में बिना कोई विकेट गंवाए हासिल कर लिया था।

पाकिस्तान को भी मिली थी पहले मैच में जीत– दूसरी ओर, पाकिस्तान की टीम ने भी अपने पहले मुकाबले में मेजबान यूएई पर 9 विकेट से एकतरफा जीत दर्ज की थी। पाकिस्तान ने 225 रनों का लक्ष्य 37.3 ओवरों में ही हासिल कर लिया था। इस मुकाबले के बाद दोनों टीमों को अपना आखिरी ग्रुप मैच खेलना है, जहां भारत का सामना यूएई से होगा और पाकिस्तान की भिड़ंत नेपाल से

मानस व महेश की उम्दा प्रदर्शन से मिली जीत

इंदौर। एमपीसीए द्वारा प्रायोजित एवं आईडीसीए द्वारा आयोजित एमपीसीए अंडर-22 दो दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत राउ क्लब एवं संजय लुणावत फाउण्डेशन के मध्य मैच खेला गया जिसमें राउ क्लब ने पहले खेलते हुए अपनी पहली पारी में 32 ओवरो में सभी विकेट खोकर 81 रन बनाए । निहार लवाटे ने 4 विकेट एवं मानस जैन ने 3 विकेट लिये । जवाब में एसएलएफ की टीम ने अपनी पहली पारी में 63 ओवरो में 9 विकट खोकर 365 रन बनाये । और 284 रनों की महत्वपूर्ण बढत हासिल की । अक्षत बुन्देला ने 79 रन, महेश डामोर ने 78 रन एवं अवि पाल ने 60 रनों का योगदान दिया। आशुतोष निषाद नले 5 विकेट एवं रौनक मीना ने 3 विकेट लिये। जवाब में राउ क्लब ने अपनी दूसरी पारी खेलते हुए 32 ओवरो में सभी किवेट खोकर मात्र 102 रन बनाये ओर यह मैच एक पारी और 182 रनों के विशाल अतर से जीत लिया । मानस जैन ने 5 विकेट एवं महेश डामोर ने 3 विकेट लिये।





देव्ज एकेडमी की शानदार जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच देव्ज एकेडमी एवं आयसीसी के मध्य खेला गया जिसमें देव्ज एकेडमी ने पहले खेलते हुए अपनी पहली पारी में 78 ओवरो में 9 विकेट खोकर 356 रन बनाये। हर्षित यादव ने 115 रन एवं सौम्य पाटीदार ने 60 रन बनाये। हार्दिक व आकाश ने 3-3 विकेट लिये। जवाब में आयसीसी ने अपनी पहली पारी में 55 ओवरों में सभी विकेट खोकर 222 रन बनाये । विवान व सौम्य ने 3-3 विकेट लिये। इस तरह देव्ज एकेडमी ने अपनी पहली पारी में 134 रनो की महत्वपूर्ण बढत प्राप्त की । मैच समाप्त होने तक देव्ज एकेडमी ने अपनी दूसरी पारी में 19 ओवरो में 3 विकेट खोकर 140 रन बना लिये थे। हर्षित यादव ने 63 रन एवं सारांश सुराना ने 55 रन बनाये। इस तरह देव्ज एकेडमी ने यह मैच पहली पारी की बढत के आधार पर जीत लिया।

इंदौर में सजेगा स्नूकर का महाकुंभ

इंदौर। खेल राजधानी के रूप में पहचान बना चुके इंदौर शहर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन होने जा रहा है । बिलियड्र्स एंड स्नूकर फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में मध्य प्रदेश बिलियड्र्स एंड स्नूकर संघ द्वारा 'वर्ल्ड स्नूकर चैंपियनशिप' की मेजबानी शहर को सौंपी गई है । यह प्रतिष्ठित विश्व स्तरीय प्रतियोगिता आगामी 12 से 21 नवंबर तक शहर के ऐतिहासिक एवं प्रतिष्ठित यशवंत क्लब में आयोजित की जाएगी। बिलियड्र्स एंड स्नूकर फेडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव श्री सुनील बजाज, मध्य प्रदेश बिलियड्र्स एंड स्नूकर संघ के अध्यक्ष भोलू मेहता बिलियड्र्स एंड स्नूकर फेडरेशन ऑफ इंडिया की उपाध्यक्ष अश्विनी पुराणिक ने बताया कि इस विश्व चैंपियनशिप में दुनिया भर से शीर्ष खिलाड़ी शिरकत करेंगे । प्रतियोगिता में 30 से अधिक देशों के लगभग 150 से ज्यादा चुने हुए महिला एवं पुरुष खिलाड़ी भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

स्केटिंग के खिलाड़ियों को सफलता

इंदौर। 70वीं एसजीएफआई स्संभाग स्तरीय स्केटिंग चैंपियनशिप जिला मंदसौर में दिनांक 1 से 5 नवम्बर तक आयोजित हुई । जिसमे प्रतिभाशाली स्केटर नैना सिंह (अंडर-11 बालिका वर्ग) ने स्पीड इनलाइन स्केटिंग में शानदार प्रदर्शन किया। नैना ने रोड 1-लैप स्पर्धा में स्वर्ण, रोड 1500 मीटर में रजत तथा रिंक 500ह्रञ स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर कुल तीन पदक अपने नाम किए।

उसी आयु वर्ग के बालक वर्ग में मुज्तबा अहमद (अंडर-11 बालक वर्ग) ने इनलाइन स्केटिंग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रोड 1-लैप में स्वर्ण, रिंक 500ह्रडी में रजत और रिंक 1000 मीटर में कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने भी तीन पदक जीते। अब बारी थी 14 वर्ष से कम आयु वर्ग की उसमें उमैज़ा खान (अंडर-14 बालिका वर्ग) ने क्वाड स्केटिंग में रोड 2000 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक तथा रिंक 1000 मीटर में कांस्य पदक जीतकर सभी चौका दिया । इसी क्रम में 17 वर्ष से कम बालक आयु वर्ग में चिराग वाधवानी ने इनलाइन रोड 1-लैप स्पर्धा



में रजत पदक जीता और वही कौशिक मोहंती (अंडर-17 बालक वर्ग) ने इनलाइन रोड 3000 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया। समान बालक आयु वर्ग में ङसौर्य जैन (अंडर-17 बालक वर्ग)ङ ने स्पीड क्वाड स्केटिंग की रिंक 500ह्रञ स्पर्धा में कांस्य पदक जीता नैना सिंह, मुजतबा और उमेज़ा खान का चयन राष्ट्रीय टीम में हुआ है जी एसजीएफआई में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे अमय स्पीड स्केटिंग अकादमी के खिलाड़ियों 3 स्वर्ण, 3 रजत और 5 कांस्य पदक जीतकर इंदौर का गौरव बढ़ाया एवं पुरस्कार वितरण समारोह में कोच योगेश करोसिया भी मौजूद थे ।

कुमार मध्यप्रदेश फुटबॉल टीम के प्रशिक्षक नियुक्त

इंदौर । मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में 12 से 17 नवंबर तक आयोजित होने वाली 70वीं राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता (अंडर-14 बालक वर्ग) में मध्यप्रदेश की टीम भाग लेगी। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा कुमार वर्मा को मध्यप्रदेश फुटबॉल टीम का प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है। प्रतियोगिता की तैयारियों के मद्देनजर मध्यप्रदेश टीम का प्रशिक्षण शिविर छतरपुर में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कुमार वर्मा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

हार्दिक पंड्या ने पार्टनर माहिका शर्मा और बेटे अगस्त्य के साथ मनाई छोटी दिवाली

नई दिल्ली। भारतीय स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने छोटी दिवाली का त्योहार अपनी पार्टनर माहिका शर्मा और बेटे अगस्त्य के साथ बेहद सादगी और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया। सोशल मीडिया पर सामने आए एक दिल छू लेने वाले वीडियो में हार्दिक अपने घर के मंदिर में परिवार के साथ पारंपरिक पूजा-अर्चना करते हुए दिखाई दे रहे हैं। क्रिकेट की व्यस्तताओं और मैदान से दूर हार्दिक की यह खूबसूरत पारिवारिक झलक फैंस को काफी पसंद आ रही है।

रोशनी से सजा घर का मंदिर, बेटे अगस्त्य और माहिका संग पंड्या ने की पूजा

त्योहार के अवसर पर पंड्या के घर का मंदिर जगमगाती रंग-बिरंगी लाइट्स से बेहद खूबसूरती



से सजाया गया था। पूजा की वेदी पर पारंपरिक सामग्री और प्रसाद सजा हुआ था। वीडियो में हार्दिक पंड्या हाथ में जलता हुआ दीया और पूजा की थाली लिए धार्मिक पुस्तक से मंत्र पढ़ते नजर आ रहे हैं। उनके ठीक बगल में खड़े उनके छोटे बेटे अगस्त्य हाथ जोड़कर ध्यानमग्न होकर पूजा में शामिल दिखे, वहीं माहिका शर्मा भी पंड्या के साथ भक्ति भाव से इस पावन अनुष्ठान में हाथ बंटाती नजर आईं।

नरक चतुर्दशी का धार्मिक महत्व और देश भर में जश्न का माहौल

छोटी दिवाली, जिसे नरक चतुर्दशी के नाम से भी जाना जाता है, मुख्य दिवाली उत्सव से ठीक एक दिन पहले मनाई जाती है। यह दिन धर्म और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। इस दिन देश भर में लोग अपने घरों को दीयों की रोशनी से सजाते हैं और परिवार के साथ विशेष पूजा आयोजित करते हैं। पंड्या परिवार ने भी इस पावन अवसर पर घर पर सुख-समृद्धि की कामना के साथ दीप जलाए और पूजा-अर्चना संपन्न की।

अग्निकांड

कपड़ा दुकान और फ्लैट समेत एक दर्जन जगहों पर भड़की आग

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।



आतिशबाजी, शॉर्ट सर्किट और अन्य वजहों से शहर और आसपास के इलाकों में लगभग 10 से 12 स्थानों पर आग लगने की ताबड़तोड़ घटनाएं सामने आईं। हालांकि, दमकल विभाग की तत्परता और स्थानीय लोगों की मदद से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे कोई बड़ा जनहानि का हादसा टल गया। इन घटनाओं में एक कपड़ा दुकान, एक आवासीय फ्लैट, चलती कार और गरीबों के लिए बनी नेकी की दीवार पूरी तरह चपेट में आ गई। बीते दिन शहर में एक के बाद एक आग की सूचनाओं से फायर ब्रिगेड अमला दौड़ता रहा। रात के वक्त अन्नपूर्णा मंदिर के पास स्थित एक मल्टी के बंद फ्लैट में अचानक आग भड़क उठी। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन से दमकल की गाड़ी और टीम मौके पर पहुँची। गनीमत यह रही कि हादसे के वक्त फ्लैट में ताला लगा था और परिवार सामने वाले फ्लैट में मौजूद था। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद ढाई हजार लीटर पानी डालकर आग पर पूरी तरह काबू पाया। इस आगजनी में फ्लैट के भीतर रखा गृहस्थी का पूरा सामान जलकर खाक हो गया। फ्लैट मालिक का नाम आदर्श यादव बताया जा रहा है, जिनकी इस घटना से गृहस्थी उजड़ गई।

महू की कपड़ा गली में दुकान में लगी आग से मचा हड़कंप



***महू** के व्यस्त इलाके कपड़ा गली में बीती रात राहुल गोयल की कपड़ों की दुकान में अचानक आग लग गई। दुकान में बच्चों के कपड़े और अन्य रेडीमेड स्टॉक भरा हुआ था। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास की अन्य दुकानों तक भी उसके पहुंचने का खतरा मंडराने लगा, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने अद्भुत सूझबूझ का परिचय देते हुए तत्काल राहत कार्य शुरू किया और लगभग एक घंटे की मशक्कत से आग को फैलने से रोकते हुए बुझा लिया। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल अमला भी मौके पर पहुँच गया था।*

रामचंद्र नगर में नेकी की दीवार जलकर राख

***बीते** 24 घंटों के दौरान शहर में कचरे और पेड़ों में आग लगने की लगभग 8 से ज्यादा घटनाएं दर्ज की गईं। इसी कड़ी में रात के समय रामचंद्र नगर स्थित गरीबों के सहयोग के लिए बनी नेकी की दीवार में भीषण आग लग गई। यहाँ गरीबों और जरूरतमंदों की मदद के लिए रखे गए कपड़े और अन्य उपयोगी सामान जलकर स्वाहा हो गया। फायर ब्रिगेड टीम को इस आग पर काबू पाने के लिए करीब साढ़े तीन घंटे तक संघर्ष करना पड़ा और 25 हजार लीटर पानी का इस्तेमाल करना पड़ा। इसके अलावा, 56 दुकान के पीछे कचरे व पेड़ों में लगी आग को 5 हजार लीटर पानी से बुझाया गया, जबकि एमआईजी क्षेत्र में लक्ष्मी मेमोरियल अस्पताल के पास और पोलोग्राउंड में एक फैक्ट्री के नजदीक भी कचरे के ढेर सुलग उठे।*

चलती कार में लगी आग, ड्राइवर ने बचाई जान

आगजनी की एक अन्य घटना में कल शाम रेत मंडी चौराहा स्थित डी-मार्ट के सामने एक चलती हुई कार अचानक आग का गोला बन गई। गनीमत यह रही कि समय रहते चालक की नजर आग पर पड़ गई और उसने तुरंत कार से कूदकर अपनी जान बचाई। जब तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुँचती, तब तक स्थानीय स्तर पर आग पर काबू पा लिया गया था।

स्कूटी ले जाने की बात पर सौतेले पिता और मां ने बेटी के साथ की मारपीट

सर्जरी के टांके फटे, केस दर्ज

इंदौर। लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक पारिवारिक विवाद में सौतेले पिता और मां ने मिलकर अपनी ही बेटी के साथ जमकर मारपीट कर दी। इस हमले में युवती की पुरानी सर्जरी के टांके उधड़ गए और खून बहने लगा। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, यह घटना निपानिया क्षेत्र की है। फरियादी कशिश पिता दिपेश दोशी, निवासी निपानिया ने पुलिस को बताया कि उसके सौतेले पिता हेमंत जैन स्कूटी ले जाने की बात को लेकर उससे बेवजह गाली-गलौज करने लगे। जब कशिश और उसके दोस्त भरत साल्वे ने इसका विरोध किया और गालियां देने से मना किया, तो हेमंत जैन और उसकी मां नीतू जैन दोनों ने मिलकर कशिश के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों की मारपीट से कशिश को चोटें आईं, जिससे उसके शरीर पर पूर्व में हुई सर्जरी के टांके टूट गए और खून बहने लगा। लसूड़िया पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी सौतेले पिता हेमंत जैन और मां नीतू जैन के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।









सम्पादक : महेश मूंगड़ा। स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक महेश मूंगड़ा द्वारा मूंगड़ा पब्लिकेशन, 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। RNI NO. MPHIN/2005/15582 फोन : 98273-69587 ई-मेल : cityblastindore@gmail.com